आदेश तारीख	आदेश का विवरण मय अधिकारी के लघु हस्ताक्षर	आदेश की पालना में की गई कार्यवाही
17/4/26	पत्रावली प्रस्तुत। वकील उपभयपक्ष उपस्थित। पक्षकारान द्वारा पूर्व में दिनांक 06.02.2025 को राजीनामा प्रस्तुत किया था अधिवक्ता उभयपक्ष ने पक्षकारान में राजीनामा होना स्वीकार किया तथा मुताबिक राजीनामा प्रकरण में फैसला करने का निवेदन किया। मुताबिक राजीनामा प्रकरण के निस्तारण किया जाकर आदेश दिया जाता है। प्रार्थी की कृषि भूमि चक 21 ए मुरब्बा नं.–14 पत्थर नं.–319/452 की मुस्तारका खाता की कृषि भूमि में से आने जाने के लिए अप्रार्थीगण गिरधारी लाल, सतपाल, जसपाल की कृषि भूमि का किला नं.–20, 21 में 1–1 बिस्वा रास्ता स्वीकृत किया जाता है। तथा उक्त रास्ता में आई कृषि भूमि के ऐवज में प्रार्थी की कृषि भूमि मुरब्बा नं.–14 पत्थर नं.–319/452 का किला नं.–13 में 2 बिस्वा कृषि भूमि अप्रार्थीगण गिरधारी लाल, जसपाल, सतपाल पुत्रगण बनवारी लाल के नाम से दर्ज करने का आदेश तहसीलदार अनूपगढ़ को दिया जाता है तथा पूर्व में इस न्यायालय द्वारा दिनांक 13.06.2016 को स्वीकृत किए गए 1 रास्ते की एवज में प्रार्थी द्वारा चलान GRN NO 23969593 दिनांक 10.07.2018 जमा करवाई गई राशि 31015/– प्रार्थी मांगीलाल को वापिस लौटाये जाने का आदेश तहसीलदार अनूपगढ़ को दिया जाता है। उक्त रास्ते का आकंन करने का आदेश तहसीलदार अनूपगढ़ को दिया जाता है। निर्णय की प्रति तहसीलदार अनूपगढ़ भिजवाई जावें। निर्णय आज खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफतर होकर दर्ज नम्बर से कम हो।	

सुरेश राव
उपखण्ड अधिकारी
अनूपगढ़

Signature Not Verified

Digitally signed by Suresh Kumar Rao
Date: 2026.04.20 16:29:35 IST
Reason: SelfAttested